# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – थाना कादरीगेट

## दिनांक 24.06.2025

## थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय 03 नफर अभियुक्तगण को साइबर अपराध में प्रयुक्त उपकरण व रूपये सहित किया गया गिरफ्तार ।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर श्री हरीश चंदर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कादरीगेट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 203/2025 धारा 318(4) बीएनएस व धारा 66(D) IT Act के सम्बन्ध में थाना कादरीगेट पुलिस को शीघ्र घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.अभिषेक सिंह भदौरिया 2. सचिन कुमार जग्रवाल 3.जितेन्द्र खंगार को घटना में संलिप्त 04 अदद मोबाइल, 01 अदद लैपटॉप व 21,600 /- रूपये, 40,000 /- रूपये फ्रीज, 4 लाख रूपये की USDT(क्रिप्टोकरेंसी) कन्वर्ट व +92 सीरीज के 04 संदिग्ध मोबाइल नम्बर सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।



## गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगणों का नाम व पता -

1.अभिषेक सिंह भदौरिया उर्फ रौनक पुत्र धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी सरस्वती कॉलोनी गली नं0 11 थाना रेलवे कॉलोनी जनपद कोटा, राजस्थान ।

2. सचिन कुमार जग्रवाल पुत्र सुरजीत सिंह निवासी सरस्वती कॉलोनी गली नं0 11 थाना रेलवे कॉलोनी जनपद कोटा, राजस्थान ।

3. जितेन्द्र खंगार पुत्र राजेश खंगार निवासी डडवाड़ा थाना भीमगंज मंडी जनपद कोटा, राजस्थान ।

**घटना का विवरण** – वादी श्री जयन्त कटियार पुत्र विनीत कटियार निवासी नेकपुर चौरासी थाना कोत0 फतेहगढ़ जनपद फर्रूखाबाद ने बाबत अभियुक्तगण द्वारा वादी के QR कोड के माध्यम से 1,92,500/- रू ऑनलाइन तरीके से लोगों से फ्राड करके अवैध रूप से जमा करने के सम्बन्ध मे थाना कादरीगेट पर दिनांक 23.06.2025 को मु0अ0सं0 203/2025 धारा 318(4) बीएनएस व धारा 66 D IT Act बनाम 1.अभिषेक सिंह भदौरिया उपरोक्त 2. सचिन कुमार जग्रवाल उपरोक्त 3.जितेन्द्र खंगार उपरोक्त पंजीकृत कराया गया । थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्तगणों को साइबर अपराध में प्रयुक्त उपकरण व रुपयों सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**पूछताछ का विवरण** - अभियुक्तगणों नें पूछताछ करने पर बताया कि हम तीनों लोग एक साथ मिलकर +92XXXXXXXXXX सीरीज के मोबाइल नंबर के धारकों को व्हाट्सएप के माध्यम से अकाउंट नंबर/QR कोड़ प्रदान करते हैं। इसके उपरांत उक्त नंबरों से व्हाट्सएप पर हम लोगों के द्वारा दिए गए अकाउंट नम्बरों/QR कोड़ में रूपये डलवा दिये जाते हैं फिर इन रुपयो से हम लोग बिटगट वॉलेट के माध्यम से USDT(क्रिप्टोकरेंसी) परचेज करके उक्त नंबरों से प्राप्त स्कैनर पर USDT (क्रिप्टोकरेंसी) भेज देते हैं , इस पूरी एक्सचेंज ट्रांसफर की प्रक्रिया में हम लोग 6% कमीशन के तौर पर लेते हैं तथा शेष सारे रूपयों को USDT(क्रिप्टोकरेंसी) में कन्वर्ट कर उक्त नम्बरों से व्हाट्सएप पर प्रदान किए गए स्कैनर (क्यूआर कोड) पर भेज देते हैं कमीशन से प्राप्त लाभ को हम लोग आपस में बराबर – बराबर बाँट लेते है । कभी – कभी हम उन लोगों को रूपया नही भेजते है और प्राप्त रूपयों को आपस में बांट लेते है । हम लोगों को बिटगट के माध्यम से ही उक्त नम्बरों से सम्पर्क हुआ था और हमारे पास व्हाट्सएप पर कॉल आई तबसे हम लोग व्हाट्सएप पर बात करके काम कर रहे है , यह काम हम लोग करीब 06 माह से कर रहे है । हम लोग सीधे-साधे लोगों को कुछ रूपयों का लालच देकर उनके अकाउण्ट नम्बर/QR कोड़ , एटीएम कार्ड आदि जानकारी प्राप्त कर लेते है जैसे ही वह खाता फ्रीज हो जाता है । हम एटीएम कार्ड फेंक देते है । जो नगद रूपये हम लोगों के पास से मिले है यह सारे रूपये हम लोगों के द्वारा ऑनलाइन ठगी से प्राप्त रूपये है ।

**नोटः- अभियुक्तगण से +92 सीरीज के 04 संदिग्ध मोबाइल नम्बर प्राप्त हुए है जिन नम्बरों में अभियुक्तगण भारतीय रूपयों को USDT(क्रिप्टोकरेंसी) में कन्वर्ट कर स्कैनर के माध्यम से भेज दिया करते थे। +92 सीरिज के नम्बरों की जाँच सर्विलांस टीम द्वारा की जा रही है।**

## बरामदगी का विवरण -

01. 04 अदद मोबाइल।
02. 01 अदद लैपटॉप।
03. 21,600 /- रुपये नगद।
04. 40,000 /- रूपये अपराध में प्रयुक्त बैंक खातों में फ्रीज।
05. लगभग 04 लाख रूपये के USDT बिटगट एप्लीकेशन से ट्रांसफर किये गये है।

## अभियुक्तगण उपरोक्त का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 203/2025 धारा 318(4), 317(2), 111(2)(ii) बी0एन0एस0 व धारा 66D IT Act थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़।
2. अन्य थाना/जनपद/राज्य से जानकारी की जा रही है।

## गिरफ्तार/बरामद करने वाली थाना कादरीगेट पुलिस टीम -

1.निरीक्षक अपराध श्री चन्द्रिका प्रसाद
2.उ0नि0 श्री विशेष कुमार
3.उ0नि0 श्री कपिल कुमार कुशवाह
4.आरक्षी कुलदीप कुमार
5.आरक्षी मंजीत सिंह
6.आरक्षी अनुज सिंह
7.आरक्षी प्रशान्त कुमार

**मीडिया सेल फतेहगढ।**